हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
3 अक्तूबर 2023, समय 1810

- विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश के उत्तरी भागों में भूकम्प के झटके महसूस किए गए।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा पहली अक्तूबर से 9 दिसंबर तक नये वोट बनवाने वाले युवाओं और महिलाओं को आकर्षक उपहार दिए जायेंगे।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा है कि सिरसा जिले में नरमे की फसल को हुए नुकसान का जल्द से जल्द आकलन करवाकर, उचित मुआवाजा दिया जायेगा।
- हरियाणा में अब तक 8 लाख टन से अधिक धान तथा एक लाख 14 हजार टन बाजरे की खरीद की गई। किसानों को फसल खरीद के 690 करोड़ रूपये सीधे उनके खातों में किया गया है।

.........................................................................

विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत बनाए रखने का निर्णय लिया है। भारत में अनेक बाहरी चुनौतियों के बावजूद, मजबूत आर्थिक वृद्धि जारी रहने को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

विश्व बैंक ने अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान पहले के 6.6 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था। विश्व बैंक के भारत के विकास संबंधी नवीनतम विवरण के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की अर्धवार्षिक प्रमुख रिपोर्ट में कहा गया है कि बडी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत वर्ष 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में शामिल था।

.........................................................................

केंद्रिय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि जन हितैषी योजनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में करवाये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार श्री मोदी की लोकप्रियता 78 प्रतिशत बढ़ी है क्योंकि वे अपने शब्दों पर कायम रहते है और काम करने में विश्वास करते है।

श्री ठाकुर आज भूवनेश्वर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की केंद्रीय योजनायें हमेशा वंचित लोगों विशेषकर महिलाओं के हित में रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास मादी सरकार का मूलमंत्र है।

.........................................................................

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश के उत्तरी भागों में आज भूकम्प के तेज झटके महसूस किए गए।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार नेपाल में भूकंप के झटके चार बार महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 4.6, 6.2, 3.6 और 3.1 थी। पहला झटका 2 बजकर 25 मिनट, दूसरा झटका 2 बजकर 51 मिनट, तीसरा झटका 3 बजकर 6 मिनट और चौथा झटका 3 बजकर 19 मिनट पर महसूस किया गया।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अपुसार सोनीपत में 11 बजकर 6 मिनट पर 2.7 तीव्रता वाले झटके महसूस किए गए। वहीं अफगानिस्तान में 4 बजकर 29 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिनकी तीव्रता 4.7 रही। केंद्र के अनुसार उत्तर भारत में आये भूकंप का केंद्र नेपाल में रहा। अभी किसी जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

.....................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार दिए जायेंगे। इस अनूठी पहल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत 1 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को अगले 5 साल जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले ड्रा में लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएगें। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी-शर्ट भी दी जाएगी।

मुख्य निवार्चन अधिकारी आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता के संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं को 3 लैपटॉप 2 स्मार्टफोन तथा 100 पेन ड्राईव प्रदान किए जाएगें। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने का शुरू हुआ त्योहार आओ भाग लेकर पाएं आकर्षक उपहार की पहल प्रदेश के पात्र युवाओं एवं महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से एक जनवरी 2006 के बीच हुआ है और उन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है।

मतदाना हेल्पलाइन पर ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही आकर्षक ईनाम भी पा सकते है। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्टूबर में 18 वर्ष हो जाती निवार्चन आयोग द्वारा उन्हें नए वोट बनवाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएगें।

श्री अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 4 से 5 नवम्बर तथा 2 से 3 दिसम्बर को मतदान केंद्र पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद अगले 5 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उसमें इन उपहारों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य ध्येय पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है।

.....................................................................

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सिरसा जिले के गांवों में नरमे की फसल में हुए नुकसान का सर्वेक्षण करवाकर जल्द से जल्द मुआवाजा दिया जायेगा।

ऊर्जा मंत्री आज सिरसा जिले के रानियां हलके के गांवों का दौरा कर सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी से नरमे की फसल को हुए नुकासान का जायजा ले रहे थे। उन्होंने पंजुआना, शेखपुरिया, फतेहपुरिया, जोधपुरिया एवं खरियां गांवों के खेतों में पहुंचकर क्षतिग्रस्त हुई फसल को देखा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की नीतियां खेती एवं किसान पर केंद्रित है। किसानों को जल्द से जल्द आकलन कर उचित मुआवजा दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि फसल का हुए नुकसान का ब्यौरा अनलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान किसानों के लिए शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओ का भी जिक्र किया। उन्होंने गांव ढाणी ख्योवाली एवं खारियां में ग्रामीणों की समस्यायें भी सुनी और अधिकारियों को उनका प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए।

..........................................................................

हरियाणा में अब तक 8 लाख 6 हजार टन धान तथा एक लाख 14 हजार टन बाजरे की खरीद की गई है। 32 हजार से अधिक किसानों को फसल खरीद के 690 करोड़ रूपये का भुगतान सीधे उनके खातों में किया गया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों की मांग के अनुसार इस बार 25 सितंबर से धान की खरीद शुरू की गई। सरकार ने सीजन के दौरान 60 लाख टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि धान बेचने वाले 25 हजार 815 किसानों को 653 करोड़ 17 लाख रूपये और बाजरा बेचने वाले 6 हजार 236 किसानों को 36 करोड़ 82 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया गया है।

..........................................................................

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:-

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा कब दिया था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:-

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा कब दिया था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- उदारवादी नेता गोपाल कृष्ण गोखले, साध्य एवं साधन दोनों की पवित्रता में विश्वास रखते थे। इसी विचार से प्रेरित होकर महात्मा गाँधी ने उन्हें अपना गुरु बना लिया।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाली हमारी विजेता हैं:-हरियाणा
के रोहतक से निष्ठा।

..............................................................

कैथल प्रशासन ने धान के अवशेष जलाने वाले 10 किसानों पर आज ढाई हजार रूपये से लेकर 5 हजार रूपये तक का जुर्माना किया।

जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति धान के अवशेष जलाने में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जायेगा और सुधार नकरने पर उसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से फसल अवशेषों को जलाने की बजाये उनका प्रबंधन का अपनी आय में वृद्धि करने का आहवान किया है।

..........................................................................

अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के पिता और वरिष्ठ समाज सेवी बनारसी दास चावला का 94 वर्ष की उम्र में आज निधन हो गया। उनका जन्म पाकिस्तान के शेखूपुरा में 1929 में हुआ था, विभाजन के बाद उनका परिवार करनाल में आ गया। वे एक जाने माने समाजसेवी भी थे और कई संस्थाओं के साथ जुड़े हुए थे। मरणोपरांत भी उन्होंने अपनी देह को मेडिकल छात्रों के शोध के लिए दान कर दिया।

कल्पना चावला को आगे बढ़ाने और शिक्षा से लेकर उसे शोध के लिए अमेरिका भेजने तक उन्होंने कल्पना चावला का पूरा सहयोग किया जिसकी बदौलत कल्पना भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बन पाई।

.........................................................................

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भलोटिया ने बताया कि आम उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्र निवारण हेतु उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की बैठक का आयोजन 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निगम के कार्यालय में होगा। पहले यह बैठक आज आयोजित होनी थी, जो कि प्रशासनिक चलते के कारण स्थगित कर दी गई है।

.........................................................................